**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# हवलदार जगेंद्र सिंह चौहान को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**श्रद्धांजलि**

## कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने किया शहीद को नमन

**संवाददाता**

डोईवाला। देश की रक्षा करते हुए अपना बलिदान देने वाले बलिदानी हवलदार जगेंद्र सिंह चौहान का पार्थिव शरीर शुक्रवार उनके आवास पर लाया गया, जहां पर सैकड़ों की संख्या में एकत्र ग्रामीणों ने नम आंखों से वीरगति को प्राप्त जगेंद्र को अपनी श्रद्धांजलि दी। सरकार की ओर से प्रतिनिधि के रूप में आए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने शहीद को नमन किया।

20 फरवरी को बलिदानी जगेंद्र सिंह चौहान सियाचिन में ड्यूटी में गश्त करने के दौरान ग्लेशियर टूटने से चोटिल हो गए थे। जिनका अस्पताल में उपचार के दौरान 21 फरवरी को निधन हो गया था। जिसकी सूचना परिवार को रात्रि 11:45 पर सेना के अधिकारियों ने दी। सूचना के बाद से ही परिवार में मातम छा गया। सूचना के बाद



बलिदानी के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह चौहान, माता विमला चौहान, पत्नी किरन चौहान, भाई अजेंद्र व मनमोहन चौहान को स्थानीय ग्रामीणों ने ढांढस बंधाया। साथ ही भारी संख्या में ग्रामीणो ने बलिदानी के घर पहुंच कर अपनी सांत्वना व्यक्त की। शुक्रवार को बलिदानी जगेंद्र सिंह चौहान का पार्थिव शरीर उनके आवास पर कान्हरवाला डोईवाला लाया गया, जहां पर सेना की ओर से सलामी देने के बाद शहर वासियों की ओर से बलिदानी के पार्थिव शरीर को उनके आवास से लेकर भानियावाला तिराहे तक अपने कंधों में उठाकर ले जाया गया और भारत माता की जय, शहीद जगेंद्र सिंह अमर रहे के नारों के बीच अंतिम विदाई दी गई। इसके बाद शहीद के पार्थिव शरीर को हरिद्वार स्थित घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद की अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से तहसीलदार सुशील सैनी, उपनिरीक्षक मुकेश डिमरी, पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह नेगी, मनवीर सिंह बिष्ट, गौरव सिंह, ब्रज भूषण गैरोला, मनोज नौटियाल, ईश्वर रौथान, मोहित उनियाल, दिनेश सजवाण, विनय कंडवाल, सुखदेव चौहान, सागर मनवाल आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**स्कूली बच्चों ने भी दी श्रद्धांजलि** बलिदानी के पार्थिव शरीर को ले जाते समय उनकी अंतिम यात्रा में कान्हरवाला के निजी विद्यालय के बच्चों ने भी पंक्ति बद खड़े होकर पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

**शोक में बाजार रहा बंदः** देश के वीर सपूत बलिदानी जगेंद्र सिंह चौहान की अंतिम यात्रा के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए कान्हरवाला, भानियावाला का बाजार बंद रख कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि देकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## न्यूज डायरी

### यूक्रेन के खार्कीव शहर में फंसे है पुरोला के दो भाई बहिन

**संवाददाता** पुरोला। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने से यूक्रेन में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के अभिभावकों की चिंता को बढ़ा दिया है। पुरोला के दो चचरे भाई बहिन विनायक थपलियाल व अस्मिता थपलियाल भी भारतीय छात्र– छात्राओं के साथ खार्कीव शहर में फंसे हुए है। दोनो के माता पिता लगातार बच्चो से फोन पर संपर्क बनाएं हुए है उनकी कुशलता की पल पल की जानकारी ले रहे है। पुरोला निवासी रमेश थपलियाल का पुत्र विनायक थपलियाल व उनके भाई राजेन्द्र थपलियाल की पुत्री अस्मिता थपलियाल यूक्रेन के खार्कीव शहर में खार्कीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। वह एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र है। 1दिसम्बर 2021 को दोनो भाई बहिन एमबीबीएस की पढ़ाई करने यूक्रेन गए थे। विनायक के पिता रमेश थपलियाल ने बताया कि दोनो भाई बहिन कालेज के छात्रावास में ही है और रात छात्रावास में बने बंकरनुमा बेसमेंट में चले जाते है।

### पड़ोसी से मांगी स्कूटी और रास्ते में महिला से की लूट

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी देहरादून में एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक द्वारा पड़ोसी से अस्पताल जाने की बात कहकर स्कूटी मांगी गई और महिला संग लूट को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। देहरादून की डालनवाला पुलिस ने 28 जनवरी को कैनाल रोड पर महिला से पर्स लूटने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर डालनवाला एनके भट्ट ने बताया कि डीएल रोड निवासी पूनम ने तहरीर दी थी कि 28 जनवरी की शाम को वह कैनाल रोड से पैदल अपने घर आ रही थी।

### दोनो खार्कीव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में है एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र

**संवाददाता** देहरादून। हंगामा डिजिटल मीडिया के स्वामित्व वाले एक लीडिंग वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म, हंगामा प्ले ने आज अपनी ब्लॉकबस्टर हंगामा ओरिजिनल, डैमेज्ड का तीसरा सीजन लॉन्च किया। पहले दो सीजन की तरह, डैमेज्ड 3 एक साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा है, जिसकी कहानी एक मजबूत महिला किरदार के इर्द–गिर्द घूमती है। इस सीजन की नई कहानी में आमना शरीफ और श्रेनु पारिख लीड किरदारों में हैं। डैमेज्ड 3 में पुलकित बांगिया, यश भाटिया, विभूति उपाध्याय और अमन वर्मा भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो का निर्देशन एकांत बबानी ने किया है जबकि एंडेमोल शाइन इंडिया इसके निर्माता हैं।

# अंतरराष्ट्रीय झूला पुल का खुलने और बंद होने समय बढ़ाने की मांग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के वार्डो में एक बार फिर से गुलदार की सक्रियता बढ़ने लगी है। वही गुलदार की बढ़ रही संक्रियता को लेकर जिले के वार्डो के लोग खासे परेशान है। बता दें कि जिले में आये दिन गुलदार की चहल कदमी को लेकर जिले के वार्डो के लोग खासे दहशत के साये में जीने को मजबूर है।

जिले के वार्डो में पिछले पांच रोज से गुलदार जोड़ें के साथ वार्डो में दोपहर व रात को घुमते नजर आ रहा है। बता दें कि अब तक जिले के बजेटी वार्ड से दो कुतों को ये गुलदार मार चुका है। देवयोग से अब तक किसी मानव पर गुलदार का हमला नही हो सका है।

जिले के बजेटी वार्ड, चंडाक जेल परिसर व हुडेती वरदानी माता परिसर , गैस गोदाम महादेव धारे व पपदेव दौला वार्ड में इन दिनों गुलदार की खासी सक्रियता बढ़ रही है। जिले के वार्डो के लोग वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग कर चुके है।

वन महकमें द्वारा केवल लोगों को सचेत कर अपना फर्ज अदायिकी करने में तुला हुआ है। ऐसे में जिले के वार्डो के लोग वन महकमें की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल उठा रहे है। दूसरी ओर जिले के स्थानीय वार्ड में दो दिन पूर्व कुते को दबोचे गुलदार की सीसीटीवी फुटेज के देख लोग खासे भय में रहे। जिले के वार्डो के ग्रमीणों ने पालिका के अध्यक्ष से मुलाकात कर जिले के वार्डो में स्ट्रीट लाइटें यथा शीघ्र ठीक कराये जाने की मांग की है।



## पानी कि समस्या से जूझ रहे है लोग

**संवाददाता** पुरोला। पॉलीथीन हटाओ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को प्रशासन व नगर पंचायत पुरोला की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर कई व्यापारियों के चालान काटे। जिलाधिकारी उत्तरकाशी के निर्देश पर पर्यावरण को प्लास्टिक व पॉलीथीन से हो रहे नुकसान को लेकर चलाये जा रहे अभियान में प्रशासन अतिक्रमण पर भी कार्यवाही कर रहा है। पॉलीथिन व अतिक्रमण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशासन व नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, मोरी रोड, कुमोला रोड, मन्दिर मार्ग आदि स्थानों पर सब्जी , परचून, कॉस्मेटिक व कपड़ा आदि की दुकानों में छापेमारी कर पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर छापेमारी की व चालान भी किये गए। इसके साथ प्रशासन द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी गई।

# 21 वर्ष पहले खोली गई चाय फैक्ट्री में छाई हुई है वीरानी

**संवाददाता** बागेश्वर। कौसानी के चाय बागान की पहचान पूरे देश में होने लगी थी। पर्यटन के साथ ही स्थानीय लोगों के रोजगार का साधन भी बढ़ने लगा था, मगर धीरे–धीरे सरकारी नीतियों में खामियां व कुप्रबंधन से चाय फैक्ट्री ही बंद हो गई। लोगों की आस अब नई सरकार पर टिकी हुई है। वर्तमान में लगभग 21 वर्ष पहले खोली गई चाय फैक्ट्री में वीरानी छाई हुई है।

**कंपनी का सफरः** वर्ष 1994–95 में कुमाऊं मंडल विकास निगम और गढ़वाल मंडल विकास निगम में चाय प्रकोष्ठ की नींव रखी गई। लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में 211 हेक्टेयर भूमि का चयन चाय के बागान के लिए

### कौसानी चाय फैक्ट्री खुलने की नई सरकार से उम्मीद

हुआ। जिसमें 50 हेक्टेयर भूमि पर ही चाय बागान विकसित किए। 2001 में व्यावसायिक चाय बनाने की तैयारी हुई। चाय प्रकोष्ठ ने एक निजी कंपनी गिरीराज को कौसानी में चाय की फैक्ट्री लगाने के लिए आमंत्रित किया।

**25 वर्ष तक था अनुबंधः** सात जून 2001 को हुए एमओयू के मुताबिक, अनुबंध अगले 25 वर्ष तक था। चाय फैक्ट्री लगाने का 89 प्रतिशत खर्चा गिरीराज कंपनी को उठाना था।

**उत्तरांचल टी बाजार में उतारी** 2002 में 50 हेक्टेयर में विकसित चाय बागान से 70 हजार 588 किलोग्राम कच्ची पत्तियां उत्पादित हुई। लगभग 13 हजार 995 किलोग्राम चाय तैयार हुई। इसे उत्तरांचल टी के नाम से बाजार में उतारा गया। केएमवीएन और जीएमवीएन को इस कारोबार से हटाकर 2004 में उत्तराखंड चाय विकास बोर्ड का गठन किया। 2013 तक बोर्ड ने 211 हेक्टेयर भूमि में चाय का उत्पादन कर 2. 50 लाख किलो कच्ची पत्तियां कंपनी को उपलब्ध कराई। जून 2014 को फैक्ट्री ने दम तोड़ दिया। लगभग एक हजार कर्मचारी और किसान बेरोजगार हो गए।

**बागेश्वर जिले में उद्योगों की स्थिति** जिले में 2159 उद्योग हैं। जिसमें लीसा फैक्ट्री, आटा चक्की, बेकरी, स्टील, अचार, आयरन समेत लघु और मझौले उद्योग शामिल हैं।

### प्रेमिका से किया वादा, तीन दिन पहले दूसरी लड़की से कर ली शादी

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार के कनखल क्षेत्र के एक युवक ने अपनी प्रेमिका से 26 फरवरी को शादी करने का वादा किया, लेकिन 23 फरवरी को दूसरी लड़की से निकाह कर लिया। नाराज प्रेमिका ने थाने पहुंचकर प्रेमी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर डाली। हैरत की बात यह है कि जेल जाने से बचने के लिए प्रेमी ने प्रेमिका से भी शादी की हामी भर दी। बहरहाल, देर रात तक दोनों परिवार बातचीत से मामले का हल निकालने में जुटे हुए थे। पुलिस के मुताबिक, कनखल क्षेत्र के एक युवक का प्रेम–प्रसंग पथरी क्षेत्र की युवती से चला आ रहा था। युवक ने 26 फरवरी को प्रेमिका से शादी का वादा भी किया हुआ था। इस बीच 23 फरवरी को ज्वालापुर क्षेत्र की एक लड़की से उसका निकाह हो गया। गुरुवार को इसकी भनक लगने पर प्रेमिका कनखल थाने पहुंच गई और प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। शादी के अगले ही दिन प्रेमिका सामने आने से परिवार वालों के होश उड़ गए।